# University in News on 21 January 2025

## AMAR UJALA
## MY CITY PAGE 7

### लविवि: पीएचडी के आठ विषयों में सीटें आवंटित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी में प्रवेश के क्रम में सोमवार को आठ विषयों में सीटों के सापेक्ष चयनितों को सीटें आवंटित कर दीं। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर कंपलीट मेरिट सूची व कटऑफ देख सकते हैं, जबकि लॉगिन आईडी का प्रयोग करते हुए 24 जनवरी तक फीस जमा कर सकेंगे।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीएचडी में प्रवेश के लिए 7 व 8 दिसंबर को रिसर्च एंट्रेंस टेस्ट (आरईटी) कराया गया था। इसके बाद लिखित परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया था। अब साक्षात्कार के बाद अभ्यर्थियों की फाइनल सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

जिन विषयों का परिणाम जारी हुआ है, उनमें फ्रेंच, पत्रकारिता एवं जनसंचार, पर्शियन, फिजिक्स, पब्लिक पॉलिसी एवं गवर्नेंस, संस्कृत, उर्दू एवं वेस्टर्न हिस्ट्री शामिल हैं। किसी तरह की समस्या आने पर विद्यार्थी प्रवेश समन्वयक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। (संवाद)

## HINDUSTAN PAGE 8

### पीएचडी के 8 विषयों का रिजल्ट जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के तहत आठ विषयों का साक्षात्कार के बाद परिणाम जारी कर दिया गया। चयनित अभ्यर्थियों के लिए फीस पोर्टल मंगलवार को खुल जाएगा। एलयू की वेबसाइट पर कंप्लीट मेरिट सूची भी जारी कर दी गई है। जिसमें सभी अभ्यर्थी श्रेणीवार रैंकिंग भी देख सकते हैं। प्रवेश समन्वयक की ओर से सूचना जारी कर दी गई है।

प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव का कहना है कि उपलब्ध सीटों के सापेक्ष अभ्यर्थियों का सीट अलॉटमेंट और कट ऑफ जारी किया गया है। डॉ. अनित्य के अनुसार, फीस जमा करने की अंतिम तिथि 24 जनवरी तय है।

## JAGRAN CITY PAGE III

### पीएचडी प्रवेश के लिए प्रोविजनल मेरिट सूची जारी

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को सत्र 2024-25 की पी.एचडी प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार के बाद आठ विषयों की प्रोविजनल मेरिट सूची के साथ-साथ अभ्यर्थियों का सीट आवंटन और कट-आफ भी जारी किया गया है। इनमें फ्रेंच, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, पर्शियन, फिजिक्स, पब्लिक पालिसी एंड गवर्नेंस, संस्कृत, उर्दू और वेस्टर्न हिस्ट्री विषय शामिल है। प्रवेश समन्वयक अनित्य गौरव के अनुसार, अभ्यर्थी पूर्व में प्राप्त लाग इन आइडी का उपयोग करके 21 जनवरी को दोपहर तीन बजे से फीस जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि 24 जनवरी है। (जासं)